कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-06.10.2024

विषयः- दुष्कर्म के मुकदमे मे वांछित अभियुक्त मनीष कुमार यादव को थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व मे थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-213/24 धारा 64,332(b),352,351(3) बी0एन0एस0 थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त मनीष कुमार यादव पुत्र स्व0 लल्लन यादव निवासी भिखारीपुर पोस्ट राजा तलाब थाना मिर्जामुराद वाराणसी को दिनांक- 05.10.2024 को समय करीब 12.50 बजे बी0एल0डब्लू0 अंडर पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-04.10.2024 को वादिनी मुकदमा/पीड़िता ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि दिनांक-09.09.2024 को समय करीब रात 09:00 बजे प्रतिवादी मनीष यादव घर में चला आया, वह कुछ शराब के नशे में था और घर में घुस कर प्रार्थिनी/पीड़िता के साथ नाजायज हरकत करने लगा, प्रार्थिनी/पीड़िता के चिल्लाने पर वह घर में से निकल कर अपनी गाड़ी से भाग गया तथा घर जाकर उसने मोबाइल से फोन करके गाली-गुप्ता व धमकी देते हुए कहा कि यदि इसकी सूचना थाने पर दोगी तो एक दिन जबरिया बलात्कार करके तुम्हारी हत्या कर देंगे। उक्त प्रतिवादी मनीष यादव के साथ एक और व्यक्ति भी था जिसको प्रार्थिनी/पीड़िता जानती-पहचानती नहीं है, उसने मनीष यादव द्वारा प्रार्थिनी/पीड़िता के साथ किये जा रहे गलत हरकत को अपने मोबाइल मे उसका वीडियो भी बना लिया है तथा दिनांक-10.09.2024 को भी सुबह 07:00 बजे प्रतिवादी ने मोबाइल से प्रार्थिनी/पीड़िता को भद्दी-भद्दी गालियां व जान से खत्म कर देने की धमकी दिया, जिसके आधार पर थाना मंडुवाडीह मे मु0अ0सं0-213/24 धारा 64,332(b),352,351(3) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक मंडुवाडीह द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मनीष कुमार यादव पुत्र स्व0 लल्लन यादव निवासी भिखारीपुर पोस्ट राजा तलाब थाना मिर्जामुराद वाराणसी, उम्र करीब 25 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- बी0एल0डब्लू0 अंडर पास से, दिनांक-05.10.2024 को समय करीब 12.50 बजे।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त-

1- मु0अ0सं0 213/24 धारा 64,332(b),352,351(3) बी0एन0एस0 थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.प्र0नि0 भरत उपाध्याय थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

2.उ0नि0 पवन कुमार थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

3.हे0का0 सुनील कुमार राय थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

4.का0 अमित कुमार थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।